क्रम-संख्या–149

रजिस्ट्रेशन नम्बर–एस०एस०पी० / एल०–डब्लू० / एन०पी०–91 / 2014–16

लाइसेन्स टू पोस्ट ऐट कन्सेशनल रेट

सरकारी गजट, उत्तर प्रदेश

उत्तर प्रदेशीय सरकार द्वारा प्रकाशित

असाधारण

विधायी परिशिष्ट

भाग–4, खण्ड (क)

(सामान्य परिनियम नियम)

लखनऊ, शुक्रवार, 29 अगस्त, 2025

भाद्रपद 7, 1947 शक सम्वत्

उत्तर प्रदेश शासन

नगर विकास अनुभाग–4

संख्या 2704 / नौ-4–2025-05ज-2011

लखनऊ, 29 अगस्त, 2025

अधिसूचना

सा0प0नि0–55

उत्तर प्रदेश साधारण खण्ड अधिनियम, 1904 (अधिनियम संख्या–1 सन् 1904) की धारा 21 के साथ पठित उत्तर प्रदेश नगर निगम अधिनियम, 1959 (अधिनियम संख्या 2 सन् 1959) की धारा 112क और उत्तर प्रदेश नगर पालिका अधिनियम, 1916 (अधिनियम संख्या 2 सन् 1916) की धारा 69ख के अधीन शक्तियों का प्रयोग करके राज्यपाल उत्तर प्रदेश पालिका (केन्द्रीयित) सेवा नियमावली, 1966 में संशोधन करने की दृष्टि से जिस नियमावली को बनाने का प्रस्ताव करते हैं, उसका निम्नलिखित प्रारूप पूर्वोक्त अधिनियम, 1959 की धारा 540 की उपधारा (2) तथा पूर्वोक्त अधिनियम, 1916 की धारा 300 की अपेक्षानुसार समस्त संबंधित व्यक्तियों की सूचना के लिए और उसके संबध में आपत्तियां और सुझाव आमंत्रित करने की दृष्टि से एतद्द्वारा प्रकाशित किया जाता है।

प्रस्तावित नियमावली के संबंध में आपत्तियां और सुझाव, यदि कोई हों, प्रमुख सचिव, नगर विकास अनुभाग–4, उत्तर प्रदेश शासन लखनऊ (Email ID-nagarvikas0004@gmail.com) एवं निदेशक, नगर स्थानीय निकाय, लखनऊ को सम्बोधित करके लिखित रूप में प्रेषित किए जाने चाहिए। केवल उन्हीं आपत्तियों और सुझावों पर विचार किया जाएगा, जो ई–मेल या स्पीड पोस्ट द्वारा इस अधिसूचना के सरकारी गजट में प्रकाशित किए जाने के दिनांक से 07 दिवस के भीतर प्राप्त होंगे।

प्रारूप नियमावली

उत्तर प्रदेश पालिका (केन्द्रीयित) सेवा (उन्तीसवाँ संशोधन) नियमावली, 2025

संक्षिप्त नाम, विस्तार और प्रारम्भ

1–(1) यह नियमावली उत्तर प्रदेश पालिका (केन्द्रीयित) सेवा (उन्तीसवाँ संशोधन) नियमावली, 2025 कही जाएगी।

(2) यह उत्तर प्रदेश राज्य में समस्त नगर निगमों, नगर पालिका परिषदों और नगर पंचायतों पर लागू होगी।

(3) यह सरकारी गजट में प्रकाशित किए जाने के दिनांक से प्रवृत्त होगी।

नियम–2 का संशोधन

2–उत्तर प्रदेश पालिका (केन्द्रीयित) सेवा नियमावली, 1966, (जिसे आगे ''उक्त नियमावली'' कहा गया है) में,

(क) नीचे स्तम्भ–एक में दिये गये विद्यमान खण्ड (एक) के स्थान पर स्तम्भ–दो में दिया गया खण्ड रख दिया जाएगा, अर्थात्:–

स्तम्भ–एक (विद्यमान खण्ड)	स्तम्भ–दो (एतद्द्वारा प्रतिस्थापित खण्ड)
(एक) 'नियुक्ति प्राधिकारी' का तात्पर्य, (क) वेतनमान रूपये 8000–13500 और उससे अधिक के वेतनमान में सेवारत कर्मचारियों के संबंध में राज्य सरकार से है, (ख) उप–खण्ड (क) में निर्दिष्ट कर्मचारियों से भिन्न कर्मचारियों के संबंध में, निदेशक, स्थानीय निकाय, उ0प्र0 से है;	(एक) नियुक्ति प्राधिकारी का तात्पर्य (क) वेतनमान रूपये 56,100–1,77,500 ग्रेड पे0 रू0 5400/– पे0 मैट्रिक्स लेविल–10 और उससे अधिक के वेतनमान में सेवारत कर्मचारियों के संबंध में राज्य सरकार से है, (ख) उप–खण्ड (क) में निर्दिष्ट कर्मचारियों से भिन्न कर्मचारियों के संबंध में निदेशक,स्थानीय निकाय, उत्तर प्रदेश से है;

(ख) नीचे स्तम्भ–एक में दिये गये विद्यमान खण्ड (चार) के स्थान पर स्तम्भ–दो में दिया गया खण्ड रख दिया जाएगा, अर्थात् –

स्तम्भ–एक (विद्यमान खण्ड)	स्तम्भ–दो (एतद्द्वारा प्रतिस्थापित खण्ड)
(चार) ''श्रेणी–एक, दो, तीन या चार की नगर पालिका परिषदों'' का तात्पर्य समय–समय पर सरकार द्वारा इस प्रकार विनिर्दिष्ट नगर पालिका परिषदों से है;	(चार) श्रेणी–एक, दो एवं तीन के नगर निगमों एवं नगर पालिका परिषदों का तात्पर्य समय–समय पर सरकार द्वारा इस प्रकार विनिर्दिष्ट नगर निगमों एवं नगर पालिका परिषदों से है;

(ग) नीचे स्तम्भ–एक में दिये गये विद्यमान खण्ड (पाँच) के स्थान पर स्तम्भ–दो में दिया गया खण्ड रख दिया जाएगा, अर्थात् –

स्तम्भ–एक (विद्यमान खण्ड)	स्तम्भ–दो (एतद्द्वारा प्रतिस्थापित खण्ड)
(पाँच) **"आयोग''** का तात्पर्य उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग से है;	(पाँच) **"आयोग''** का तात्पर्य राज्य सरकार द्वारा इस निमित्त गठित यथास्थिति उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग या उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग से है;

नियम–3 का संशोधन

3–उक्त नियमावली में, नियम–3 में,–

(क) नीचे स्तम्भ–एक में दिये गये विद्यमान खण्ड (4) के स्थान पर स्तम्भ–दो में दिया गया खण्ड रख दिया जाएगा, अर्थात्:–

स्तम्भ–एक (विद्यमान खण्ड)	स्तम्भ–दो (एतद्द्वारा प्रतिस्थापित खण्ड)
(4) उत्तर प्रदेश पालिका स्वच्छता सेवा :– **(एक)** नगर निगमों के वरिष्ठ स्वच्छता अधिकारी। **(दो)** नगर निगमों और श्रेणी एक की नगर पालिका परिषदों के स्वच्छता अधिकारी। **(तीन)** नगर निगमों और श्रेणी एक और दो की नगर पालिका परिषदों के स्वच्छता निरीक्षक । **(चार)** नगर पालिका परिषदों और नगर पंचायतों के सहायक स्वच्छता निरीक्षक।	**(4) उत्तर प्रदेश पालिका स्वच्छता सेवा** **(एक)** नगर निगमों के वरिष्ठ स्वच्छता अधिकारी; **(दो)** नगर निगमों और श्रेणी एक की नगर पालिका परिषदों के स्वच्छता अधिकारी; **(तीन)** नगर निगमों और श्रेणी एक की नगर पालिका परिषदों के मुख्य स्वच्छता निरीक्षक; **(चार)** नगर निगमों और नगर पालिका परिषदों के स्वच्छता निरीक्षक; **(पांच)** नगर पालिका परिषदों और नगर पंचायतों के सहायक स्वच्छता निरीक्षक।

(ख) नीचे स्तम्भ–एक में दिये गये विद्यमान खण्ड (10) के स्थान पर स्तम्भ–दो में दिया गया खण्ड रख दिया जाएगा, अर्थात्:–

स्तम्भ–एक (विद्यमान खण्ड)	स्तम्भ–दो (एतद्द्वारा प्रतिस्थापित खण्ड)
(10) उत्तर प्रदेश पालिका लेखा सेवा :– **(एक)** श्रेणी दो और तीन के नगर निगमों के वरिष्ठ लेखा एवं वित्त अधिकारी। **(दो)** नगर निगमों के लेखा एवं वित्त अधिकारी। **(तीन)** श्रेणी एक और दो की नगर पालिका परिषदों के सहायक लेखा अधिकारी । **(चार)** नगर निगमों और श्रेणी तीन की नगर पालिका परिषदों के लेखाकार । **(पांच)** श्रेणी एक और दो की नगर पालिका परिषदों और नगर पंचायतों के सहायक लेखाकार ।	**(10) उत्तर प्रदेश पालिका लेखा सेवा** **(एक)** श्रेणी एक के नगर निगमों के मुख्य लेखा एवं वित्त अधिकारी (प्रतिनियुक्ति के माध्यम से) ; **(दो)** श्रेणी दो और तीन के नगर निगमों के वरिष्ठ लेखा एवं वित्त अधिकारी; **(तीन)** नगर निगमों के लेखा एवं वित्त अधिकारी ; **(चार)** श्रेणी एक और दो की नगर पालिका परिषदों के सहायक लेखा अधिकारी ; **(पांच)** नगर निगमों और श्रेणी तीन की नगर पालिका परिषदों के लेखाकार ; **(छः)** श्रेणी एक और दो की नगर पालिका परिषदों और नगर पंचायतों के सहायक लेखाकार।

नियम–4 का संशोधन

4–उक्त नियमावली में, नीचे स्तम्भ–एक में दिये गये विद्यमान नियम–4 के स्थान पर स्तम्भ–दो में दिया गया नियम रख दिया जाएगा, अर्थात् :–

स्तम्भ–एक (विद्यमान नियम)	स्तम्भ–दो (एतद्द्वारा प्रतिस्थापित नियम)
4–वेतनमान–केन्द्रीयित सेवाओं के अधीन विभिन्न पदों के लिये वेतनमान वे होंगे जो सरकार समय-समय पर आदेश द्वारा नियत करे।	**4–वेतनमान**–(1) केन्द्रीयित सेवाओं के अधीन विभिन्न श्रेणियों के पदों पर नियुक्त व्यक्तियों को अनुमन्य वेतनमान ऐसा होगा जैसा कि सरकार द्वारा समय–समय पर अवधारित किया जाय। (2) इस नियमावली के प्रारम्भ के समय वेतनमान यथास्थिति अनुसूची–एक, दो और तीन के अनुसार होगा।

नियम–5 का संशोधन

5–उक्त नियमावली में, नीचे स्तम्भ–एक में दिये गये विद्यमान नियम–5 के स्थान पर स्तम्भ–दो में दिया गया नियम रख दिया जायेगा, अर्थात्:–

स्तम्भ–एक (विद्यमान नियम)	स्तम्भ–दो (एतद्द्वारा प्रतिस्थापित नियम)
5– कर्मचारियों की संख्या–(1) नियम 3 के अधीन सृजित प्रत्येक केन्द्रीयित सेवा के कर्मचारियों की संख्या उतनी होगी जितनी सरकार द्वारा समय-समय पर नियत की जाय। (2) पालिकाओं के अधीन ऐसे सभी वर्तमान पद, जो केन्द्रीयित सेवाओं के अन्तर्गत आते हों, इन सेवाओं के वर्तमान कर्मचारियों की संख्या होगी। (3) पालिका को केन्द्रीयित सेवाओं के अधीन वर्तमान पदों में से किसी पद को अथवा किसी ऐसे पद को जो भविष्य में सृजित किया जाय, समाप्त करने का अधिकार न होगा।	**5– पदों की संख्या**–(1) नियम–3 के अधीन सृजित केन्द्रीयित सेवा और उनमें प्रत्येक श्रेणी के पदों की संख्या ऐसी होगी जैसा कि सरकार द्वारा समय–समय पर अवधारित किया जाय। (2) पालिकाओं के अधीन ऐसे सभी विद्यमान पद, जो केन्द्रीयित सेवाओं के अन्तर्गत आते हों, इन सेवाओं के वर्तमान पदों की संख्या होगी। (3) अपरिहार्यता एवं आवश्यकता के दृष्टिगत स्वीकृत पदों को कार्यकारी आदेशों के माध्यम से समय–समय पर राज्यपाल द्वारा जैसा कि वह उचित समझें, उपान्तरित किया जा सकेगा।

स्तम्भ–एक (विद्यमान नियम)	स्तम्भ–दो (एतद्द्वारा प्रतिस्थापित नियम)
	(4) सेवाओं की संख्या और उनमें प्रत्येक श्रेणी के पदों की संख्या, जब तक उप नियम के अधीन उनमें परिवर्तन करने वाला आदेश पारित नहीं कर दिया जाता, अनुसूची दो के अनुसार होगी।
	(5) राज्यपाल ऐसे अतिरिक्त स्थायी या अस्थायी पदों का सृजन कर सकते हैं जिन्हें वे उचित समझें।
	(6) पालिका को केन्द्रीयित सेवाओं के अधीन वर्तमान पदों में से किसी पद को अथवा किसी ऐसे पद को जो भविष्य में सृजित किया जाय, समाप्त करने का अधिकार न होगा।

नियम–6 का संशोधन

6–उक्त नियमावली में, नीचे स्तम्भ–एक में दिये गये विद्यमान नियम–6 के उप नियम–एक के स्थान पर स्तम्भ–2 में दिया गया नियम रख दिया जायेगा, अर्थात्:–

स्तम्भ–एक (विद्यमान नियम)	स्तम्भ–दो (एतद्द्वारा प्रतिस्थापित नियम)
6– भर्ती के स्रोत, वर्तमान अधिकारियों और सेवकों का संविलयन और उनकी सेवा की समाप्ति–(1) उप नियम(2) के उपबन्धों के अधीन रहते हुए,– (एक) अनुसूची-एक में उल्लिखित पद नियम 20 में निर्धारित रीति से पदोन्नति द्वारा भरे जायेंगे, (दो) अनुसूची-दो में उल्लिखित पद इस नियमावली के भाग–पांच में निर्धारित रीति से सीधी भर्ती द्वारा भरे जायेंगे, (तीन) अनुसूची-तीन में उल्लिखित पद ऊपर उल्लिखित दोनों स्रोतों और रीति से बराबर-बराबर संख्या में भरे जायेंगे किन्तु अवशिष्ट पद, यदि कोई हो, तो उसे पदोन्नति द्वारा भरा जायगा: प्रतिबन्ध यह है कि यदि, यथास्थिति, पदोन्नति द्वारा या सीधी भर्ती द्वारा भर्ती के लिये इस उप नियम के अधीन अपेक्षित संख्या में उपयुक्त अभ्यर्थी उपलब्ध न हों, तो कमी की पूर्ति उक्त दो स्रोतों में से किसी भी स्रोत से की जा सकती है अथवा सरकार के अधीन कार्य करने वाले अधिकारियों में से प्रतिनियुक्ति करके अस्थायी नियुक्ति की जा सकती है:	**6– भर्ती के स्रोत**– सेवा में विभिन्न श्रेणियों के पदों पर भर्ती निम्नलिखित स्रोतों से की जायेगी:– (1) **अनुसूची-एक** में उल्लिखित पद नियम–20 में निर्धारित रीति से पदोन्नति द्वारा भरे जायेंगे, (2) **अनुसूची-दो** में उल्लिखित पद भाग–पाँच में निर्धारित रीति से सीधी भर्ती द्वारा भरे जायेंगे; (3) **अनुसूची-तीन** में उल्लिखित पद ऊपर उल्लिखित दोनों स्रोतों और रीति से बराबर-बराबर संख्या में भरे जायेंगे किन्तु अवशिष्ट पद, यदि कोई हो, तो उसे पदोन्नति द्वारा भरा जायगा: परन्तु यह कि यदि, यथास्थिति, पदोन्नति द्वारा या सीधी भर्ती द्वारा भर्ती के लिये इस उप नियम के अधीन अपेक्षित संख्या में उपयुक्त अभ्यर्थी उपलब्ध न हों, तो कमी की पूर्ति उक्त दो स्रोतों में से किसी भी स्रोत से की जा सकती है अथवा सरकार के अधीन कार्य करने वाले अधिकारियों में से प्रतिनियुक्ति करके अस्थायी नियुक्ति की जा सकती है।

नियम–7 का संशोधन

7–उक्त नियमावली में, नीचे स्तम्भ–एक में दिये गये विद्यमान नियम–7 के स्थान पर स्तम्भ–दो में दिया गया नियम रख दिया जायेगा, अर्थात्:–

स्तम्भ–एक (विद्यमान नियम)	स्तम्भ–दो (एतद्द्वारा प्रतिस्थापित नियम)
7–आरक्षण– अनुसूचित जातियों, अनूसूचित जनजातियों और नागरिकों के अन्य पिछड़े वर्गों के अभ्यर्थियों के लिए आरक्षण उत्तर प्रदेश लोक सेवा (अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और अन्य पिछड़े वर्गों के लिए आरक्षण) अधिनियम,1994 के अनुसार होगा।	**7– आरक्षण**–अनुसूचित जातियों, अनूसूचित जनजातियों, अन्य पिछड़े वर्गों और अन्य श्रेणियों/वर्गों के अभ्यर्थियों के लिए आरक्षण, अभ्यर्थियों के भर्ती के समय प्रवृत्त अधिनियमों/शासनादेशों के अनुसार होगा।

8– उक्त नियमावली में, नीचे स्तम्भ–एक में दिये गये विद्यमान नियम–9 के स्थान पर स्तम्भ–दो में दिया गया नियम रख दिया जायेगा, अर्थात्:– नियम–9 का संशोधन

स्तम्भ–एक (विद्यमान नियम)	स्तम्भ–दो (एतद्द्वारा प्रतिस्थापित नियम)
9– **आयु**–केन्द्रीयित सेवाओं में किसी पद पर सीधी भर्ती के लिये यह आवश्यक है कि अभ्यर्थी ने उस वर्ष के, जिसमें भर्ती किया जाय, अगले अनुवर्ती वर्ष की पहली जनवरी को 21 वर्ष की आयु प्राप्त कर ली हो और 40 वर्ष से अधिक आयु न प्राप्त की हो: प्रतिबन्ध यह है कि– (1) किसी ऐसे व्यक्ति की दशा में, जिसने किसी भी केन्द्रीयित सेवा अथवा पालिका अथवा राज्य सरकार में सेवा की हो, अधिकतम आयु सीमा से 05 वर्ष अधिक होगी। (2) यदि कोई अभ्यर्थी अपनी आयु के आधार पर किसी ऐसे वर्ष में चयन में उपस्थित होने के लिए हकदार होता, जिसमें कोई चयन नहीं किया गया हो तो वह अपनी आयु के आधार पर अपने अनुवर्ती चयन में उपस्थित होने के लिए हकदार समझा जायेगा। (3) अनुसूचित जातियों के अभ्यर्थियों की दशा में अधिकतम आयु सीमा पांच वर्ष अधिक होगी। (4) राज्य सरकार किसी सामान्य या विशेष आदेश द्वारा इस नियम में विहित अधिकतम आयु सीमा को, किसी अभ्यर्थी या अभ्यर्थियों के वर्ग के पक्ष में शिथिल कर सकती है, यदि वह उचित व्यवहार के हित में या लोक हित में ऐसा करना आवश्यक समझे।	9– **आयु**–केन्द्रीयित सेवाओं में किसी पद पर सीधी भर्ती के लिये यह आवश्यक है कि अभ्यर्थी ने उस वर्ष के, जिसमें भर्ती किया जाय, अगले अनुवर्ती वर्ष की पहली जुलाई को 21 वर्ष की आयु प्राप्त कर ली हो और 40 वर्ष से अधिक आयु न प्राप्त की हो: परन्तु यह कि– (1) किसी ऐसे व्यक्ति की दशा में, जिसने किसी भी केन्द्रीयित सेवा अथवा पालिका अथवा राज्य सरकार में सेवा की हो, अधिकतम आयु सीमा से 05 वर्ष अधिक होगी। (2) अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और अन्य पिछड़े वर्गों के अभ्यर्थियों की दशा में अधिकतम आयु सीमा पांच वर्ष अधिक होगी। (3) राज्य सरकार किसी सामान्य या विशेष आदेश द्वारा इस नियम में विहित अधिकतम आयु सीमा को, किसी अभ्यर्थी या अभ्यर्थियों के वर्ग के पक्ष में शिथिल कर सकती है, यदि वह उचित व्यवहार या लोक हित में ऐसा करना आवश्यक समझे।

9–उक्त नियमावली में, नीचे स्तम्भ–एक में दिये गये विद्यमान नियम–12 के स्थान पर स्तम्भ–दो में दिया गया नियम रख दिया जायेगा, अर्थात्:– नियम–12 का संशोधन

स्तम्भ–एक (विद्यमान नियम)	स्तम्भ–दो (एतद्द्वारा प्रतिस्थापित नियम)
12– अर्हताएं–केन्द्रीयित सेवाओं के अन्तर्गत किसी पद पर नियुक्ति के लिये अभ्यर्थी की ऐसी अर्हतायें होनी चाहिये जैसा राज्य सरकार समय-समय पर निर्दिष्ट करे।	**12– अर्हताएं**– (1) केन्द्रीयित सेवाओं के अधीन किसी पद पर सीधी भर्ती के लिये अभ्यर्थी के पास राज्य सरकार द्वारा निर्दिष्ट अपेक्षित अर्हतायें होनी चाहिए। (2) वर्तमान में लागू अर्हतायें यथास्थिति अनुसूची–एक, दो और तीन के अनुसार होंगी।

10–उक्त नियमावली में, नीचे स्तम्भ–एक में दिये गये विद्यमान नियम–15 के स्थान पर स्तम्भ–दो में दिया गया नियम रख दिया जायेगा, अर्थात्:– नियम–15 का संशोधन

स्तम्भ–एक (विद्यमान नियम)	स्तम्भ–दो (एतद्द्वारा प्रतिस्थापित नियम)
15– रिक्तियों की संख्या की सूचना देना–सरकार उस वर्ष की जुलाई में जिसमें भर्ती की जानी हो आयोग को भरी जाने वाली रिक्तियों की संख्या की और अनुसूचित जातियों के अभ्यर्थियों के लिये आरक्षित रिक्तियों की संख्या की भी, यदि कोई हो, सूचना देगी।	**15– रिक्तियों की संख्या की सूचना देना**–सरकार उस वर्ष की जुलाई में जिसमें भर्ती की जानी हो, आयोग को भरी जाने वाली रिक्तियों की संख्या की और नियम–7 के अधीन अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों, अन्य पिछड़े वर्गों और अन्य वर्गों/श्रेणियों के अभ्यर्थियों के लिये आरक्षित रिक्तियों की संख्या की भी, यदि कोई हो, सूचना देगी।

नियम–16 का संशोधन

11– उक्त नियमावली में, नीचे स्तम्भ–एक में दिये गये विद्यमान नियम–16 के स्थान पर स्तम्भ–दो में दिया गया नियम रख दिया जायेगा, अर्थात्:–

स्तम्भ–एक (विद्यमान नियम)	स्तम्भ–दो (एतद्द्वारा प्रतिस्थापित नियम)
16– प्रार्थना-पत्र– (क) केन्द्रीयित सेवाओं में भर्ती के लिये प्रार्थना-पत्र आयोग द्वारा आमंत्रित किये जायेंगे और वे नियत प्रपत्र में दिये जायेंगे जो आयोग के सचिव से भुगतान करने पर प्राप्त किये जा सकते हैं तथा वे ऐसे समय के भीतर प्रस्तुत किये जायेंगे जो नियत किया जाय।	**16– आवेदन-पत्र**– (1) केन्द्रीयित सेवाओं में भर्ती के लिये आवेदन–पत्र आयोग द्वारा आमंत्रित किये जायेंगे और विनिर्दिष्ट समय के भीतर आयोग द्वारा स्थापित प्रक्रिया के अनुसार विहित प्रपत्र पर आयोग को प्रस्तुत किये जायेंगे।
(ख) केन्द्रीयित सेवाओं में पहले से सेवायोजित अभ्यर्थी अपने प्रार्थना-पत्र उचित माध्यम से सरकार को प्रस्तुत करेंगे जो उन्हें अपनी आवधिक रिपोर्ट सहित आयोग को भेज देगी।	(2) केन्द्रीयित सेवाओं में पूर्व से सेवायोजित अभ्यर्थी अपने आवेदन-पत्र उचित माध्यम से आयोग को प्रस्तुत करेंगे।

नियम–20 का संशोधन

12–उक्त नियमावली में, नीचे स्तम्भ–एक में दिये गये विद्यमान नियम–20 के स्थान पर स्तम्भ–दो में दिया गया नियम रख दिया जायेगा, अर्थात्:–

स्तम्भ–एक (विद्यमान नियम)	स्तम्भ–दो (एतद्द्वारा प्रतिस्थापित नियम)
20– पदोन्नति– (1) पदोन्नति द्वारा भर्ती एक चयन समिति के माध्यम से उसी केन्द्रीयित सेवा के ठीक निम्न पदक्रम के सभी पात्र अधिकारियों में से ज्येष्ठता के आधार पर किन्तु अनुपयुक्त को अस्वीकार करते हुए, की जायेगी, और इस प्रयोजन के लिये अधिकारियों की एक पात्रता-सूची उपनियम (2) में दी गयी रीति में तैयार की जायेगी।	**20– पदोन्नति**– (1) पदोन्नति द्वारा भर्ती एक चयन समिति के माध्यम से उसी केन्द्रीयित सेवा के ठीक निम्न पदक्रम के समस्त पात्र अधिकारियों में से ज्येष्ठता के आधार पर किन्तु अनुपयुक्त को अस्वीकार करते हुए, की जायेगी, और इस प्रयोजन के लिये अधिकारियों की एक पात्रता-सूची उपनियम (2) में दी गयी रीति में तैयार की जायेगी।
(2) उपनियम (7) में यथा अन्यथा उपबन्धित के सिवाय, सरकार ज्येष्ठतम पात्र अभ्यर्थियों की एक सूची तैयार करेगी जिसे पात्रता-सूची कहा जायेगा, जिसमें यथासम्भव निम्नलिखित अनुपात में नाम होंगे–	(2) उपनियम (7) में यथा अन्यथा उपबन्धित के सिवाय, सरकार ज्येष्ठतम पात्र अभ्यर्थियों की एक सूची तैयार करेगी जिसे पात्रता-सूची कहा जायेगा, जिसमें यथासम्भव निम्नलिखित अनुपात में नाम होंगे–
1 से 5 रिक्तियों के लिए– रिक्तियों की संख्या का दो गुना, किन्तु कम से कम 5,	*1 से 5 रिक्तियों के लिए*– रिक्तियों की संख्या का दो गुना, किन्तु कम से कम 5,
5 से अधिक रिक्तियों के लिए– रिक्तियों की संख्या का डेढ़($1^{1/2}$)गुना, किन्तु कम से कम 10:	*5 से अधिक रिक्तियों के लिए*– रिक्तियों की संख्या का डेढ़($1^{1/2}$)गुना, किन्तु कम से कम 10:

स्तम्भ–एक (विद्यमान नियम)	स्तम्भ–दो (एतद्द्वारा प्रतिस्थापित नियम)
परन्तु यदि भर्ती एक से अधिक वर्ष के दौरान होने वाली रिक्तियों के लिए की जानी हो, तो ऐसे प्रत्येक वर्ष के सम्बन्ध में पृथक पात्रता सूचियां तैयार की जायेंगी। ऐसे मामलों में, भर्ती के द्वितीय और अनुवर्ती वर्षों के लिए पात्रता-सूची तैयार करते समय पात्रता-सूची में सम्मिलित किये जाने वाले अभ्यर्थियों की संख्या निम्नलिखित होगीः–	परन्तु यह कि यदि भर्ती एक से अधिक वर्ष के दौरान होने वाली रिक्तियों के लिए की जानी हो, तो ऐसे प्रत्येक वर्ष के सम्बन्ध में पृथक पात्रता सूचियां तैयार की जायेंगी। ऐसे मामलों में, भर्ती के द्वितीय और अनुवर्ती वर्षों के लिए पात्रता-सूची तैयार करते समय पात्रता-सूची में सम्मिलित किये जाने वाले अभ्यर्थियों की संख्या निम्नलिखित होगीः–
(क) द्वितीय वर्ष के लिए– उक्त अनुपात के अनुसार जिसमें प्रथम और द्वितीय वर्षों की रिक्तियों की संख्या को जोड़ दिया जायेगा,	(क) द्वितीय वर्ष के लिए– उक्त अनुपात जिसमें प्रथम और द्वितीय वर्षों की रिक्तियों की संख्या को जोड़ दिया जायेगा,
(ख) तृतीय वर्ष के लिए– उक्त अनुपात के अनुसार जिसमें प्रथम और द्वितीय वर्षों की रिक्तियों की संख्या को जोड़ दिया जायेगाः	(ख) तृतीय वर्ष के लिए– उक्त अनुपात के अनुसार संख्या जिसमें प्रथम और द्वितीय वर्षों की रिक्तियों की संख्या को जोड़ दिया जायेगाः
परन्तु यह और कि ऐसे अभ्यर्थियों को जो प्रथमदृष्टया पदोन्नति के लिये उपयुक्त न समझे जायें, उक्त अनुपात की गणना करने में सम्मिलित नहीं किया जायेगा और इस आशय की एक टिप्पणी कि उन पर इस प्रकार विचार नहीं किया गया, उनके नाम के सामने लिख दी जायेगी।	परन्तु यह और कि ऐसे अभ्यर्थियों को जो प्रथमदृष्टया पदोन्नति के लिये उपयुक्त न समझे जायें, उक्त अनुपात की गणना करने में सम्मिलित नहीं किया जायेगा और इस आशय की एक टिप्पणी कि उन पर इस प्रकार विचार नहीं किया गया, उनके नाम के सामने लिख दी जायेगी।
स्पष्टीकरण–इस नियम में 'रिक्तियों की संख्या' का तात्पर्य एक वर्ष में होने वाली मौलिक या अस्थायी रिक्तियों की कुल संख्या से है।	**स्पष्टीकरण**–इस नियम में 'रिक्तियों की संख्या' का तात्पर्य एक वर्ष में होने वाली मौलिक या अस्थायी रिक्तियों की कुल संख्या से है।
(3) उपनियम (1) में निर्दिष्ट चयन समिति में निम्नलिखित होंगेः–	(3) उपनियम (1) में निर्दिष्ट चयन समिति निम्नवत होगी :–
(क) वर्ग-एक और वर्ग-दो के पदों पर प्रोन्नति की स्थिति में,–	(क) वर्ग-एक और वर्ग-दो के पदों पर पदोन्नति की स्थिति में,–
(एक) सचिव, उत्तर प्रदेश सरकार, नगर विकास विभाग..... ..... अध्यक्ष	(एक) नगर विकास विभाग में सरकार के यथास्थिति सचिव, प्रमुख सचिव अथवा अपर मुख्य सचिव..... अध्यक्ष;
(दो) सचिव, उत्तर प्रदेश सरकार, कार्मिक विभाग, या उनका नाम निर्देशिती, जो संयुक्त सचिव से अनिम्न स्तर का हो ..... सदस्य	(दो) कार्मिक विभाग में सरकार के यथास्थिति सचिव, प्रमुख सचिव अथवा अपर मुख्य सचिव, या उनका नाम निर्देशिती, जो विशेष सचिव से अनिम्न स्तर का हो.....सदस्य;
(तीन) निदेशक, स्थानीय निकाय, उत्तर प्रदेश ..... सदस्य	(तीन) निदेशक, स्थानीय निकाय, उत्तर प्रदेश ..... सदस्य;
(चार) यदि उपखण्ड (एक) से (तीन) में निर्दिष्ट अधिकारी अनुसूचित जातियों या अन्य पिछड़े वर्गों का न हो तो उक्त जातियों या वर्गों, जिनका प्रतिनिधित्व न हो, के एक अधिकारी को	(चार) यदि उपखण्ड (एक) से (तीन) में निर्दिष्ट अधिकारी अनुसूचित जातियों या अन्य पिछड़े वर्गों के न हो तो उक्त जातियों या वर्गों, जिनका प्रतिनिधित्व न हो के एक अधिकारी को

स्तम्भ–एक (विद्यमान नियम)	स्तम्भ–दो (एतद्द्वारा प्रतिस्थापित नियम)
सचिव, उत्तर प्रदेश सरकार, नगर विकास विभाग द्वारा ऐसे अधिकारियों में से कम से कम उस पद से जिसके लिए चयन समिति गठित की जानी है, एक वेतनमान उच्च पद पर हो, नाम निर्दिष्ट किया जायेगा ..... सदस्य	नगर विकास विभाग में सरकार के सचिव/प्रमुख सचिव/अपर मुख्य सचिव द्वारा ऐसे अधिकारियों में से कम से कम उस पद से जिसके लिए चयन समिति गठित की जानी है, एक वेतनमान उच्च पद पर हो, नाम निर्दिष्ट किया जायेगा..... सदस्य;
(ख) खण्ड (क) में निर्दिष्ट पदों से भिन्न पदों पर पदोन्नति की स्थिति में,–	(ख) खण्ड (क) में निर्दिष्ट पदों से भिन्न पदों पर पदोन्नति की स्थिति में,–
(एक) सचिव, उत्तर प्रदेश सरकार, नगर विकास विभाग या उनका नाम निर्देशिती जो विशेष सचिव से अनिम्न स्तर का हो ..... अध्यक्ष	(एक) निदेशक, स्थानीय निकाय ..... अध्यक्ष;
(दो) सचिव, उत्तर प्रदेश सरकार, कार्मिक विभाग द्वारा नाम-निर्दिष्ट एक अधिकारी जो संयुक्त सचिव से अनिम्न स्तर का हो ..... सदस्य	(दो) नगर विकास विभाग में सरकार के यथास्थिति सचिव, प्रमुख सचिव अथवा अपर मुख्य सचिव द्वारा निर्दिष्ट कोई अधिकारी जो संयुक्त सचिव से अनिम्न स्तर का हो .....सदस्य;
(तीन) निदेशक, स्थानीय निकाय, उत्तर प्रदेश ..... सदस्य	(तीन) कार्मिक विभाग में सरकार के यथास्थिति सचिव, प्रमुख सचिव अथवा अपर मुख्य सचिव द्वारा नाम-निर्दिष्ट कोई अधिकारी, जो संयुक्त सचिव से अनिम्न स्तर का हो .....सदस्य;
(चार) यदि उपखण्ड (एक) से (तीन) में निर्दिष्ट अधिकारी अनूसूचित जातियों या अन्य पिछड़े वर्गों का न हो तो उक्त जातियों या वर्गों, जिनका प्रतिनिधित्व न हो, के एक अधिकारी को सचिव, उत्तर प्रदेश सरकार, नगर विकास विभाग द्वारा ऐसे अधिकारियों में से जो कम से कम उस पद से जिसके लिए चयन समिति गठित की जानी है, एक वेतनमान उच्च पद पर हो, को नाम निर्दिष्ट किया जायेगा ..... सदस्य।	(चार) यदि उपखण्ड (एक) से (तीन) में निर्दिष्ट अधिकारी अनूसूचित जातियों या अन्य पिछड़े वर्गों के न हो तो उक्त जातियों या वर्गों, जिनका प्रतिनिधित्व न हो, के एक अधिकारी को नगर विकास विभाग में सरकार के यथास्थिति सचिव, प्रमुख सचिव अथवा अपर मुख्य सचिव द्वारा ऐसे अधिकारियों में से जो कम से कम उस पद से जिसके लिए चयन समिति गठित की जानी है, से एक वेतनमान उच्च पद पर हो, को नाम निर्दिष्ट किया जायेगा .....सदस्य।
(4) (एक) सरकार चयन समिति की बैठक के लिये दिनांक नियत करेगी;	(4) (एक) चयन समिति का अध्यक्ष चयन समिति की बैठक के लिये दिनांक नियत करेगा ;
(दो) जहां चयन समिति यह आवश्यक समझे कि पात्रता-सूची में अभ्यर्थियों का साक्षात्कार उसके द्वारा किया जाना चाहिए तो वह अभ्यर्थियों का साक्षात्कार भी कर सकती है;	(दो) जहां चयन समिति यह आवश्यक समझे कि पात्रता-सूची में अभ्यर्थियों का साक्षात्कार उसके द्वारा किया जाना चाहिए तो वह अभ्यर्थियों का साक्षात्कार भी कर सकती है;
(तीन) चयन समिति प्रत्येक मामले में अभ्यर्थी की चरित्र-पंजी पर विचार करेगी और किसी अन्य तथ्य पर विचार कर सकती है, जो उसकी राय में सुसंगत हो।	

स्तम्भ–एक (विद्यमान नियम)	स्तम्भ–दो (एतद्द्वारा प्रतिस्थापित नियम)
(5) चयन समिति ज्येष्ठता-क्रम में दो सूचियां तैयार करेगी, अर्थातः–	(तीन) चयन समिति प्रत्येक मामले में अभ्यर्थी की चरित्र-पंजी पर विचार करेगी और किसी अन्य तथ्य पर विचार कर सकती है, जो उसकी राय में सुसंगत हो।
सूची "क" – इसमें मौलिक रिक्तियों के प्रति स्थायी नियुक्ति के लिए संस्तुत अभ्यर्थियों के नाम होंगे,	(5) चयन समिति ज्येष्ठता-क्रम में दो सूचियां तैयार करेगी, अर्थातः–
सूची "ख" – इसमें अस्थायी या स्थानापन्न नियुक्तियों के लिए संस्तुत अभ्यर्थियों के नाम होंगेः	*सूची "क"*– इसमें मौलिक रिक्तियों के प्रति स्थायी नियुक्ति के लिए संस्तुत अभ्यर्थियों के नाम अन्तर्विष्ट होंगे,
परन्तु यदि भर्ती एक से अधिक वर्ष के दौरान होने वाली रिक्तियों के लिए की जाये तो ऐसे प्रत्येक वर्ष के संबंध में चयन उस वर्ष के लिए तैयार की गयी पात्रता-सूची से किया जायेगा।	*सूची "ख"*–इसमें अस्थायी या स्थानापन्न नियुक्तियों के लिए संस्तुत अभ्यर्थियों के नाम अन्तर्विष्ट होंगेः परन्तु यह कि यदि भर्ती एक से अधिक वर्ष के दौरान होने वाली रिक्तियों के लिए की जाये तो ऐसे प्रत्येक वर्ष के संबंध में चयन उस वर्ष के लिए तैयार की गयी पात्रता-सूची से किया जायेगा।
(6) (क) (एक) *सूची "क"* में सम्मिलित अभ्यर्थी मौलिक रिक्तियों के प्रति उसी क्रम में, जिसमें उनके नाम सूची में आये हों, नियम 21 के उप-नियम (1) के अधीन नियुक्त किये जायेंगे,	(6) (क) (एक) *सूची "क"* में सम्मिलित अभ्यर्थी मौलिक रिक्तियों के प्रति उसी क्रम में, जिसमें उनके नाम सूची में आये हों, नियम 21 के उप-नियम (1) के अधीन नियुक्त किये जायेंगे,
(दो) *सूची "क"* में सम्मिलित ऐसे अभ्यर्थी जिनके लिये मौलिक रिक्तियां तुरन्त उपलब्ध न हों, उक्त क्रम में अस्थायी या स्थानापन्न रिक्तियों के प्रति उन अभ्यर्थियों पर जो *सूची "ख"* में सम्मिलित हों अधिमान देकर नियुक्त किये जायेंगे,	(दो) *सूची "क"* में सम्मिलित ऐसे अभ्यर्थी जिनके लिये मौलिक रिक्तियां तुरन्त उपलब्ध न हों, उक्त क्रम में अस्थायी या स्थानापन्न रिक्तियों के प्रति उन अभ्यर्थियों पर जो *सूची "ख"* में सम्मिलित हों अधिमान देकर नियुक्त किये जायेंगे,
(तीन) *सूची "क"* में सम्मिलित ऐसे अभ्यर्थियों के नाम जिनके लिए उस वर्ष के दौरान, जिनके लिए उनका चयन किया गया हो, मौलिक रिक्तियां उपलब्ध नहीं की जा सकतीं, वर्ष के अन्त में अनुवर्ती वर्ष में रिक्त होने वाली मौलिक रिक्तियों के प्रति नियुक्ति के लिए अग्रेनीत किये जायेंगे या अनुवर्ती वर्ष के लिए तैयार और अनुमोदित की गयी *सूची "क"* के, यदि कोई हो, शीर्ष पर अन्तरित कर दिये जायेंगे;	(तीन) *सूची "क"* में सम्मिलित ऐसे अभ्यर्थियों के नाम जिनके लिए उस वर्ष के दौरान, जिनके लिए उनका चयन किया गया हो, मौलिक रिक्तियां उपलब्ध नहीं की जा सकतीं, वर्ष के अन्त में अनुवर्ती वर्ष में रिक्त होने वाली मौलिक रिक्तियों के प्रति नियुक्ति के लिए अग्रेनीत किये जायेंगे या अनुवर्ती वर्ष के लिए तैयार और अनुमोदित की गयी *सूची "क"* के, यदि कोई हो, शीर्ष पर अन्तरित कर दिये जायेंगे;
(ख) खण्ड(क) के उपखण्ड (दो) के उपबन्धों के अधीन रहते हुए, *सूची "ख"* में सम्मिलित अभ्यर्थी उसी क्रम में, जिसमें उनके नाम सूची में आए हों, अस्थायी रिक्तियों के प्रति *सूची "क"* के निःशेषित होने के पश्चात् नियुक्त किये जायेंगे। उन्हें मौलिक नियुक्ति के प्रति भी नियुक्त किया जा सकता है किन्तु अस्थायी आधार पर। यदि किसी समय नियुक्ति प्राधिकारी को यह प्रतीत हो कि *सूची "ख"* से नियुक्त किसी अधिकारी ने	(ख) खण्ड (क) के उपखण्ड (दो) के उपबन्धों के अध्यधीन रहते हुए, *सूची "ख"* में सम्मिलित अभ्यर्थी उसी क्रम में, जिसमें उनके नाम सूची में आए हों, अस्थायी रिक्तियों के प्रति *सूची "क"* के निःशेषित होने के पश्चात् नियुक्त किये जायेंगे।

स्तम्भ–एक (विद्यमान नियम)	स्तम्भ–दो (एतद्द्वारा प्रतिस्थापित नियम)
अवसर का पर्याप्त उपयोग नहीं किया है या संतोष प्रदान करने में अन्यथा विफल रहा है तो ऐसे अधिकारी को उस पद पर जिससे उसे पदोन्नत किया गया था, बिना कोई कारण बताये, प्रत्यावर्तित किया जा सकता है।	उन्हें मौलिक नियुक्ति के प्रति भी नियुक्त किया जा सकता है किन्तु अस्थायी आधार पर। यदि किसी समय नियुक्ति प्राधिकारी को यह प्रतीत हो कि *सूची "ख"* से नियुक्त किसी अधिकारी ने अवसर का पर्याप्त उपयोग नहीं किया है या संतोष प्रदान करने में अन्यथा विफल रहा है तो ऐसे अधिकारी को उस पद पर जिससे उसे पदोन्नत किया गया था, बिना कोई कारण बताये, प्रत्यावर्तित किया जा सकता है।
(7) यदि किसी मामले में पदोन्नति द्वारा भरी जाने वाली रिक्तियों की संख्या कम हो, और नियुक्ति प्राधिकारी ज्येष्ठतम् पात्र अभ्यर्थी या अभ्यर्थियों को पदोन्नति के लिए स्पष्टतः उचित समझे और जहाँ कोई अधिक्रमण अन्तर्वलित न हो तो वह प्रस्ताव को तुरन्त अनुमोदित कर सकता है। उस स्थिति में किसी चयन समिति के गठन की आवश्यकता नहीं होगी और इस प्रकार अनुमोदित अभ्यर्थियों के संबंध में यह समझा जायेगा कि वे पदोन्नति के लिए सम्यक् रूप से चुन लिए गये हैं।	(7) यदि किसी मामले में पदोन्नति द्वारा भरी जाने वाली रिक्तियों की संख्या कम हो, और नियुक्ति प्राधिकारी ज्येष्ठतम् पात्र अभ्यर्थी या अभ्यर्थियों को पदोन्नति के लिए स्पष्टतः उपयुक्त समझे और जहाँ कोई अधिक्रमण अन्तर्वलित न हो तो वह प्रस्ताव को तुरन्त अनुमोदित कर सकता है। उस स्थिति में किसी चयन समिति के गठन की आवश्यकता नहीं होगी और इस प्रकार अनुमोदित अभ्यर्थियों के संबंध में यह समझा जायेगा कि वे पदोन्नति के लिए सम्यक् रूप से चुन लिए गये हैं।

नियम–28 का निकाला जाना

13–उक्त नियमावली में, नीचे स्तम्भ–एक में दिये गये विद्यमान नियम–28 के स्थान पर स्तम्भ–दो में दिया गया नियम रख दिया जायेगा, अर्थात् :–

स्तम्भ–एक (विद्यमान नियम)	स्तम्भ–दो (एतद्द्वारा प्रतिस्थापित नियम)
28– दक्षता–रोक पार करने के लिए मापदंड–(1) केन्द्रीयित् सेवाओं के किसी सदस्य को प्रथम दक्षता–रोक पार करने की तब तक अनुमति न दी जायगी, जब तक उसके संबंध में यह न पाया जाय कि उसने संतोषजनक रूप से और अपनी पूरी योग्यता से कार्य किया है तथा उसकी सत्यनिष्ठा सन्देह से परे प्रमाणित न कर दी जाय। (2) केन्द्रीयित सेवाओं के किसी सदस्य को द्वितीय तथा अनुवर्ती दक्षता-रोक पार करने की तब तक अनुमति न दी जायगी जब तक कि वह अपने कार्य, आचरण, सत्यनिष्ठा तथा योग्यता से पूर्णतः संतुष्ट न कर दे। (3) केन्द्रीयित् सेवाओं के सदस्यों को दक्षता–रोक पार करने की अनुमति का आदेश सरकार द्वारा जारी किया जायेगा।	**28**– निकाल दिया गया।

स्तम्भ–एक (विद्यमान नियम)	स्तम्भ–दो (एतद्द्वारा प्रतिस्थापित नियम)
(4) प्रत्येक अवसर पर जब किसी कर्मचारी को ऐसी दक्षता-रोक पार करने की अनुमति दी जाय, जिस पर वह पहले रोक लिया गया हो, तो दक्षता–रोक पार करने के दिनांक से उसका वेतन समय-मान में ऐसे प्रक्रम पर निश्चित किया जायेगा जो उसे मिलता, यदि वह दक्षता–रोक पर रोक न लिया गया होता।	

14–उक्त नियमावली में, नीचे स्तम्भ–एक में दिये गये विद्यमान नियम–31 के स्थान पर स्तम्भ–दो में दिया गया नियम रख दिया जायेगा, अर्थात् :– नियम–31 का निकाला जाना

स्तम्भ–एक (विद्यमान नियम)	स्तम्भ–दो (एतद्द्वारा प्रतिस्थापित नियम)
31–तदर्थ एवं अस्थायी स्थानापन्न नियुक्तियां– नियम 21 में किसी बात के होते हुए भी राज्य सरकार मौलिक या अस्थायी रूप से रिक्त होने वाले पदों पर तदर्थ नियुक्तियां कर सकती है या अस्थायी स्थानापन्न व्यवस्था कर सकती है।	**31**–निकाल दिया गया।

15–उक्त नियमावली में, नीचे स्तम्भ–एक में दिये गये विद्यमान नियम–37 के स्थान पर स्तम्भ–दो में दिया गया नियम रख दिया जायेगा, अर्थात् :– नियम 37 का संशोधन

स्तम्भ–एक (विद्यमान नियम)	स्तम्भ–दो (एतद्द्वारा प्रतिस्थापित नियम)
37–अनुशासनिक कार्यवाहियां– (1) ऐसे उपान्तरों के अधीन रहते हुये जो राज्य सरकार समय-समय पर करे, अनुशासनिक कार्यवाही, दण्ड के विरुद्ध अपील और अभ्यावेदन संबंधी नियम जो सरकारी सेवकों पर लागू हैं सेवा के अधिकारियों और अन्य कर्मचारियों पर लागू होंगे। (2) केन्द्रीयित् सेवा के अधिकारियों पर कोई बड़ा या छोटा दंड आरोपित करने के लिये राज्य सरकार सक्षम प्राधिकारी होगी: प्रतिबन्ध यह है कि कोई छोटा दंड देने की शक्ति भी नगरपालिका बोर्ड के अध्यक्ष या नगर निगम के मुख्य नगराधिकारी में निहित होगी: अग्रेतर प्रतिबन्ध यह है कि केन्द्रीयित् सेवाओं के ऐसे अधिकारियों पर जिनके संबंध में नियुक्त करने की शक्ति राज्य सरकार द्वारा उसे प्रत्यायोजित की गई है, बड़ा या छोटा दण्ड देने की शक्ति भी स्थानीय निकाय निदेशक में निहित होगी: प्रतिबन्ध यह भी है कि किसी ऐसे अधिकारी के संबंध में पदच्युत् करने या सेवा से हटाने या पदावनत करने का कोई आदेश देने के पूर्व आयोग से परामर्श करना आवश्यक होगा।	**37–अनुशासनिक कार्यवाहियां**– (1) ऐसे उपान्तरों के अध्यधीन जो राज्य सरकार समय-समय पर करे, अनुशासनिक कार्यवाही, दण्ड के विरुद्ध अपील और अभ्यावेदन संबंधी नियम जो सरकारी सेवकों पर लागू हैं सेवा के अधिकारियों और अन्य कर्मचारियों पर लागू होंगे। (2) केन्द्रीयित सेवा के अधिकारियों पर कोई वृहद या लघु दंड आरोपित करने के लिये यथास्थिति सरकार अथवा निदेशक, नगरीय निकाय सक्षम प्राधिकारी होंगे: परन्तु यह कि केन्द्रीयित सेवाओं के ऐसे अधिकारियों पर जिनके संबंध में नियुक्त करने की शक्ति सरकार द्वारा निदेशक, नगर निकाय निदेशालय को प्रत्यायोजित की गई है, दीर्घ या लघु दण्ड देने की शक्ति भी उनमें निहित होगी: परन्तु यह और कि किसी ऐसे अधिकारी के संबंध में पदच्युत् करने या सेवा से हटाने या पदावनत करने का कोई आदेश देने के पूर्व आयोग से परामर्श करना आवश्यक होगा। (3) केन्द्रीयित सेवा के किसी अधिकारी को निलम्बित करने की शक्ति का प्रयोग केवल नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा किया जायेगा।

स्तम्भ–एक (विद्यमान नियम)	स्तम्भ–दो (एतद्द्वारा प्रतिस्थापित नियम)
(3)[केन्द्रीयित् सेवा के किसी अधिकारी को निलम्बित करने की शक्ति का प्रयोग केवल नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा किया जायगा।]	
(4) ऐसे मामलों में जिसमें उपर्युक्त उपनियम (2) के उपबन्धों के अनुसार अध्यक्ष या मुख्य नगराधिकारी द्वारा किसी अधिकारी के विरुद्ध अनुशासनिक कार्यवाही प्रारम्भ की जा चुकी हो, और जांच के पूरा होने के पश्चात् वह इस अन्तःकालीन निश्चय पर पहुंचे कि पदच्युत् करने या सेवा से हटाने या पदावनत करने का दण्ड देना आवश्यक है, तो वह उस को अपने निष्कर्षों और सिफारिशों के साथ सरकार को अन्तिम आदेश के लिये अभिदिष्ट करेगा।	

नियम–48 का संशोधन

16–उक्त नियमावली में, नीचे स्तम्भ–एक में दिये गये विद्यमान नियम–48 के स्थान पर स्तम्भ–दो में दिया गया नियम रख दिया जायेगा, अर्थात्:–

स्तम्भ–एक (विद्यमान नियम)	स्तम्भ–दो (एतद्द्वारा प्रतिस्थापित नियम)
48–व्यावृत्ति–इस नियमावली की किसी बात का कोई प्रभाव ऐसे आरक्षण और अन्य रियायतों पर नहीं पड़ेगा, इस संबंध में जिनके लिए सरकार द्वारा समय–समय पर जारी किये गये आदेशों और नियम–7 के अनुसार अनुसूचित जातियों, अनूसूचित जनजातियों और पिछड़े वर्गों के नागरिकों के लिए उपलब्ध किया जाना अपेक्षित हो।	**48–व्यावृत्ति**–इस नियमावली की किसी बात का कोई प्रभाव ऐसे आरक्षण और अन्य रियायतों पर नहीं पड़ेगा, इस संबंध में जिनके लिए सरकार द्वारा समय–समय पर जारी किये गये आदेशों और नियम–7 के अनुसार अनुसूचित जातियों, अनूसूचित जनजातियों, पिछड़े वर्गों एवं अन्य वर्गों/श्रेणियों के नागरिकों के लिए उपलब्ध किया जाना अपेक्षित हो।

अनुसूची–एक का संशोधन

17–उक्त नियमावली में नीचे स्तम्भ–एक में दी गयी विद्यमान अनुसूची–एक के स्थान पर स्तम्भ–दों में दी गयी अनुसूची रख दी जायेगी, अर्थातः–

स्तम्भ–एक

(विद्यमान अनुसूची)

अनुसूची–एक

नियम 6(1) (एक)

उत्तर प्रदेश पालिका प्रशासनिक सेवा	(एक) नगर निगमों के अपर नगर आयुक्त। (दो) नगर निगमों के संयुक्त नगर आयुक्त। (तीन) नगर निगमों के उप नगर आयुक्त और श्रेणी एक की नगर पालिका परिषदों के अधिशासी अधिकारी लेवल-।। (चार) श्रेणी तीन की नगर पालिका परिषदों के अधिशासी अधिकारी लेवल-।।।

स्तम्भ–दो

(एतद्द्वारा प्रतिस्थापित अनुसूची)

अनुसूची–एक

[नियम 4,6 (1) (एक) और 12 देखें]

पदोन्नति के माध्यम से भरे जाने वाले पद

क्र0	पदनाम	वेतनमान	अर्हकारी सेवा
1	नगर निगमों के अपर नगर आयुक्त	वेतन मैट्रिक्स लेवल-13 ग्रेड पे 8700 (रू0123100-रू0 215900)	संयुक्त नगर आयुक्त, उप एवं सहायक नगर आयुक्त के रूप में कुल **16 वर्ष** की सेवा, जिसमें से न्यूनतम 03 वर्ष की सेवा संयुक्त नगर आयुक्त के पद पर अनिवार्य होगी।

स्तम्भ–एक

(विद्यमान अनुसूची)

अनुसूची–एक

नियम 6(1) (एक)

उत्तर प्रदेश पालिका स्वास्थ्य सेवा	(एक) नगर निगमों के वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी (एलोपैथिक) (दो) नगर निगमों के चिकित्सा अधिकारी ग्रेड-1 (एलोपैथिक/होम्योपैथिक/आयुर्वेदिक/यूनानी)
उत्तर प्रदेश पालिका स्वच्छता सेवा	(एक) नगर निगमों के वरिष्ठ स्वच्छता अधिकारी। (दो) नगर निगमों और श्रेणी एक और दो की नगर पालिका परिषदों के स्वच्छता निरीक्षक।
उत्तर प्रदेश पालिका सिविल अभियंत्रण सेवा	(एक) नगर निगमों के मुख्य अभियंता (सिविल)। (दो) नगर निगमों के अधीक्षण अभियंता (सिविल)। (तीन) नगर निगमों और श्रेणी एक की नगर पालिका परिषदों के अधिशासी अभियंता (सिविल)।
उत्तर प्रदेश पालिका यातायात एवं परिवहन अभियंत्रण सेवा	(एक) श्रेणी एक के नगर निगमों के अधीक्षण अभियंता (यातायात एवं परिवहन अभियंत्रण)। (दो) नगर निगमों के अधिशासी अभियंता (यातायात एवं परिवहन अभियंत्रण)।
उत्तर प्रदेश पालिका विद्युत और यांत्रिक अभियंत्रण सेवा	(एक) श्रेणी एक के नगर निगमों के मुख्य अभियंता (**विद्युत** एवं यांत्रिक)। (दो) श्रेणी दो और तीन के नगर निगमों के अधीक्षण अभियंता (**विद्युत** एवं यांत्रिक)। (तीन) श्रेणी एक और दो के नगर निगमों के अधिशासी अभियंता (**विद्युत** एवं यांत्रिक)।
उत्तर प्रदेश पालिका लेखा परीक्षा सेवा	(एक) श्रेणी एक के नगर निगमों के मुख्य नगर लेखा परीक्षक लेवल-I । (दो) श्रेणी दो और तीन के नगर निगमों के मुख्य नगर लेखा परीक्षक लेवल II । (तीन) नगर निगमों के वरिष्ठ लेखा परीक्षक।
उत्तर प्रदेश पालिका लिपिकीय सेवा	(एक) नगर निगमों के कार्यालय अधीक्षक । (दो) श्रेणी एक की नगर पालिका परिषदों के वरिष्ठ सहायक। (तीन) श्रेणी दो की नगर पालिका परिषदों के वरिष्ठ लिपिक।
उत्तर प्रदेश पालिका राजस्व सेवा	(एक) श्रेणी एक के नगर निगमों के मुख्य राजस्व निर्धारण अधिकारी। (दो) श्रेणी दो और तीन के नगर निगमों के वरिष्ठ राजस्व निर्धारण अधिकारी। (तीन) नगर निगमों और नगर पालिका परिषदों के राजस्व अधीक्षक।
उत्तर प्रदेश पालिका लेखा सेवा	(एक) श्रेणी दो और तीन के नगर निगमों के वरिष्ठ लेखा एवं वित्त अधिकारी। (दो) श्रेणी एक और दो की नगर पालिका परिषदों के सहायक लेखा अधिकारी। (तीन) नगर निगमों और श्रेणी तीन की नगर पालिका परिषदों के लेखाकार।

स्तम्भ–दो

(एतद्द्वारा प्रतिस्थापित अनुसूची)

अनुसूची–एक

[नियम 4,6 (1) (एक) और 12 देखें]

पदोन्नति के माध्यम से भरे जाने वाले पद

क्र0	पदनाम	वेतनमान	अर्हकारी सेवा
2	नगर निगमों के संयुक्त नगर आयुक्त।	वेतन मैट्रिक्स लेवल-12 ग्रेड पे 7600 (रू. 78,800-रू. 209200)	न्यूनतम **03 वर्ष** की सेवा पूर्ण कर चुके उप नगर आयुक्त या समकक्ष पदों से।
3	नगर निगमों के उप नगर आयुक्त और श्रेणी एक की नगर पालिका परिषदों के अधिशासी अधिकारी लेवल-।	वेतन मैट्रिक्स लेवल-11 ग्रेड पे 6600 (रू. 67700-रू.208700)	**05 वर्ष** की सेवा पूर्ण कर चुके सहायक नगर आयुक्त/अधिशासी अधिकारी श्रेणी–2 के पदों से।
4	श्रेणी तीन की नगर पालिका परिषदों के अधिशासी अधिकारी लेवल-III	वेतन मैट्रिक्स लेवल-07 ग्रेड पे 4600 (रू. 44900-रू. 142400)	07 वर्ष की सेवा पूर्ण कर चुके अधिशासी अधिकारी, नगर पंचायत के पदों से।
5	नगर निगमों के वरिष्ठ स्वच्छता अधिकारी।	वेतन मैट्रिक्स लेवल-11 ग्रेड पे 6600 (रू. 67700-रू. 208700)	05 वर्ष की अर्हकारी सेवा पूर्ण कर चुके स्वच्छता अधिकारियों से।
6	नगर निगमों और श्रेणी एक की नगर पालिका परिषदों के मुख्य स्वच्छता निरीक्षक।	वेतन मैट्रिक्स लेवल-07 ग्रेड पे 4600 (रू. 44900-रू. 142400)	05 वर्ष की अर्हकारी सेवा पूर्ण कर चुके स्वच्छता निरीक्षकों में से।
7	नगर निगमों और नगर पालिका परिषदों के स्वच्छता निरीक्षक।	वेतन मैट्रिक्स लेवल-06 ग्रेड पे 4200 (रू. 35400-रू. 112400)	10 वर्ष की अर्हकारी सेवा पूर्ण कर चुके सहायक स्वच्छता निरीक्षकों में से।
8	नगर निगमों के मुख्य अभियंता (सिविल)।	वेतन मैट्रिक्स लेवल-13 ग्रेड पे 8700 (रू.123100-रू. 215900)	सहायक अभियंता हेतु निर्धारित अर्हता धारण करने वाले ऐसे अधीक्षण अभियंताओं में से जो सहायक, अधिशासी तथा अधीक्षण अभियंता के रूप में कुल 18 वर्ष की सेवा, जिसमें से 03 वर्ष की सेवा अधीक्षण अभियंता के रूप में अनिवार्यतः पूर्ण करते हों।
9	नगर निगमों के अधीक्षण अभियंता (सिविल)।	वेतन मैट्रिक्स लेवल-12 ग्रेड पे 7600 (रू. 78,800-रू. 209200)	सहायक अभियंता हेतु निर्धारित अर्हता धारण करने वाले ऐसे अधिशासी अभियंताओं में से जो अधिशासी तथा सहायक अभियंता के रूप में कुल 15 वर्ष की सेवा जिसमें से 05 वर्ष की सेवा अधिशासी अभियंता के रूप में अनिवार्यतः पूर्ण करते हों।

स्तम्भ–एक (विद्यमान अनुसूची) अनुसूची–एक नियम 6(1) (एक)		स्तम्भ–दो (एतद्द्वारा प्रतिस्थापित अनुसूची) **अनुसूची–एक** [नियम 4,6 (1) (एक) और 12 देखें] **पदोन्नति के माध्यम से भरे जाने वाले पद**			
		क्र0	**पदनाम**	**वेतनमान**	**अर्हकारी सेवा**
उत्तर प्रदेश पालिका पशु कल्याण सेवा	(एक) प्रधान पशु कल्याण अधिकारी। (दो) श्रेणी एक के नगर निगमों के मुख्य पशु कल्याण अधिकारी। (तीन) श्रेणी दो और तीन के नगर निगमों के वरिष्ठ पशु कल्याण अधिकारी।	10	नगर निगमों और श्रेणी एक की नगर पालिका परिषदों के अधिशासी अभियंता (सिविल)।	वेतन मैट्रिक्स लेवल-11 ग्रेड पे 6600 (रू. 67700-रू. 208700)	ऐसे सहायक अभियंताओं में से जो 07 वर्ष की अर्हकारी सेवा सहायक अभियंता के रूप में पूर्ण करते हों।
उत्तर प्रदेश पालिका उद्यान सेवा	(एक) नगर निगमों के वरिष्ठ उद्यान अधिकारी। (दो) श्रेणी एक के नगर निगमों और श्रेणी एक की नगर पालिका परिषदों के उद्यान अधीक्षक।	11	श्रेणी एक के नगर निगमों के अधीक्षण अभियंता (यातायात एवं परिवहन अभियंत्रण)।	वेतन मैट्रिक्स लेवल-12 ग्रेड पे 7600 (रू. 78,800-रू. 209200)	सहायक अभियंता हेतु निर्धारित अर्हता धारण करने वाले ऐसे अधिशासी अभियंताओं में से जो अधिशासी तथा सहायक अभियंता के रूप में कुल 15 वर्ष की सेवा जिसमें से 05 वर्ष की सेवा अधिशासी अभियंता के रूप में अनिवार्यतः पूर्ण करते हों।
उत्तर प्रदेश पालिका पर्यावरण सेवा	(एक) श्रेणी एक के नगर निगमों के अधीक्षण अभियंता (पर्यावरण)। (दो) श्रेणी दो और तीन के नगर निगमों के अधिशासी अभियंता (पर्यावरण)।	12	नगर निगमों के अधिशासी अभियंता (यातायात एवं परिवहन अभियंत्रण)।	वेतन मैट्रिक्स लेवल-11 ग्रेड पे 6600 (रू. 67700-रू. 208700)	ऐसे सहायक अभियंताओं में से जो 07 वर्ष की अर्हकारी सेवा सहायक अभियंता के रूप में पूर्ण करते हों।
उत्तर प्रदेश नगर नियोजन सेवा	(एक) श्रेणी एक के नगर निगमों के वरिष्ठ नगर नियोजक। (दो) श्रेणी दो और तीन के नगर निगमों और श्रेणी एक की नगर पालिका परिषदों के नगर नियोजक।	13	श्रेणी एक के नगर निगमों के मुख्य अभियंता (**विद्युत** एवं यांत्रिक)।	वेतन मैट्रिक्स लेवल-13 ग्रेड पे 8700 (रू. 123100-रू. 215900)	सहायक अभियंता हेतु निर्धारित अर्हता धारण करने वाले ऐसे अधीक्षण अभियंताओं में से जो सहायक, अधिशासी तथा अधीक्षण अभियंता के रूप में कुल 18 वर्ष की सेवा, जिसमें से 03 वर्ष की सेवा अधीक्षण अभियंता के रूप में अनिवार्यतः पूर्ण करते हों।
		14	श्रेणी दो और तीन के नगर निगमों के अधीक्षण अभियंता (**विद्युत** एवं यांत्रिक)।	वेतन मैट्रिक्स लेवल-12 ग्रेड पे 7600 (रू. 78,800-रू. 209200)	सहायक अभियंता हेतु निर्धारित अर्हता धारण करने वाले ऐसे अधिशासी अभियंताओं में से जो अधिशासी तथा सहायक अभियंता के रूप में कुल 15 वर्ष की सेवा जिसमें से 05 वर्ष की सेवा अधिशासी अभियंता के रूप में अनिवार्यतः पूर्ण करते हों।
		15	श्रेणी एक और दो के नगर निगमों के अधिशासी अभियंता (**विद्युत** एवं यांत्रिक)।	वेतन मैट्रिक्स लेवल-11 ग्रेड पे 6600 (रू. 67700-रू. 208700)	ऐसे सहायक अभियंताओं में से जो 07 वर्ष की अर्हकारी सेवा सहायक अभियंता के रूप में पूर्ण करते हों।
		16	श्रेणी एक के नगर निगमों के मुख्य नगर लेखा परीक्षक लेवल-I।	वेतन मैट्रिक्स लेवल-12 ग्रेड पे 7600 (रू. 78,800-रू. 209200)	03 वर्ष की अर्हकारी सेवा पूर्ण कर चुके मुख्य नगर लेखा परीक्षक लेवल-II से।

स्तम्भ–एक
(विद्यमान अनुसूची)
अनुसूची–एक
नियम 6(1) (एक)

स्तम्भ–दो
(एतद्द्वारा प्रतिस्थापित अनुसूची)

अनुसूची-एक

(नियम 4, 6 (1) (एक) और 12 देखें)

पदोन्नति के माध्यम से भरे जाने वाले पद

क्र0	पदनाम	वेतनमान	अर्हकारी सेवा
17	श्रेणी दो और तीन के नगर निगमों के मुख्य नगर लेखा परीक्षक लेवल II	वेतन मैट्रिक्स लेवल-11 ग्रेड पे 6600 (रू. 67700-रू. 208700)	05 वर्ष की अर्हकारी सेवा पूर्ण कर चुके नगर लेखा परीक्षक से ।
18	नगर निगमों के वरिष्ठ लेखा परीक्षक	वेतन मैट्रिक्स लेवल-06 ग्रेड पे 4200 (रू. 35400-रू. 112400)	07 वर्ष की अर्हकारी सेवा पूर्ण कर चुके लेखा परीक्षक से।
19	नगर निगमों के कार्यालय अधीक्षक	वेतन मैट्रिक्स लेवल-06 ग्रेड पे 4200 (रू. 35400-रू. 112400)	02 वर्ष की अर्हकारी सेवा पूर्ण कर चुके वरिष्ठ सहायकों में से।
20	श्रेणी एक की नगर पालिका परिषदों के वरिष्ठ सहायक।	वेतन मैट्रिक्स लेवल-05 ग्रेड पे 2800 (रू. 29200-रू. 92300)	03 वर्ष की सेवा पूर्ण कर चुके वरिष्ठ लिपिकों में से।
21	श्रेणी दो की नगर पालिका परिषदों के वरिष्ठ लिपिक।	वेतन मैट्रिक्स लेवल-04 ग्रेड पे 2400 (रू. 25500-रू. 81100)	मौलिक रूप से नियुक्त कनिष्ठ लिपिकों में से जिन्होनें भर्ती के प्रथम दिवस को इस रूप में कम से कम 05 वर्ष की सेवा पूर्ण कर ली हो।
22	श्रेणी एक के नगर निगमों के मुख्य राजस्व निर्धारण अधिकारी।	वेतन मैट्रिक्स लेवल-12 ग्रेड पे 7600 (रू. 78,800-रू. 209200)	03 वर्ष की अर्हकारी सेवा पूर्ण कर चुके वरिष्ठ राजस्व निर्धारण अधिकारी से।
23	श्रेणी दो और तीन के नगर निगमों के वरिष्ठ राजस्व निर्धारण अधिकारी।	वेतन मैट्रिक्स लेवल-11 ग्रेड पे 6600 (रू. 67700-रू. 208700)	05 वर्ष की अर्हकारी सेवा पूर्ण कर चुके राजस्व निर्धारण अधिकारी से।
24	नगर निगमों और नगर पालिका परिषदों के राजस्व अधीक्षक।	वेतन मैट्रिक्स लेवल-07 ग्रेड पे 4600 (रू. 44900-रू. 142400)	07 वर्ष की अर्हकारी सेवा पूर्ण कर चुके राजस्व निरीक्षक से।
